पत्रांक 7385 दि० 13/05/2026

**दिनांक–08.05.2026 को जय सिंह, भा०प्र०से०, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–08.05.2026 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना के द्वारा राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं निदेशालय में पदस्थापित सभी प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण कार्य में संलग्न हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं जिलों से आये अन्य पदाधिकारी/कर्मियों की उपस्थिति में की गई।

विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण में संचालित जिलों में प्रपत्र–08, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 में रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति की सुनवाई की स्थिति निम्नवत पाई गई :–

| क्र0 | जिला का नाम | LPM पश्चात प्राप्त दावा/आपति | | | प्रारूप प्रकाशन के पश्चात प्राप्त दावा/आपति | | | अंतिम प्रकाशन (प्रपत्र-21) के पश्चात प्राप्त दावा/आपति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आपति | निष्पादित | लंबित | आपति | निष्पादित | लंबित | आपति | निष्पादित | लंबित |
| 1 | ARARIA | 19264 | 18055 | **1209** | 6535 | 5910 | **625** | 1551 | 216 | **1335** |
| 2 | ARWAL | 11547 | 11142 | **405** | 3951 | 2785 | **1166** | 939 | 33 | **906** |
| 3 | BANKA | 22523 | 20257 | **2266** | 13465 | 12800 | **665** | 779 | 564 | **215** |
| 4 | BEGUSARAI | 17224 | 15082 | **2142** | 6464 | 6242 | **222** | 1466 | 378 | **1088** |
| 5 | JAMUI | 4270 | 4097 | **173** | 2477 | 994 | **1483** | 18 | 10 | **8** |
| 6 | JEHANABAD | 22968 | 22185 | **783** | 13053 | 12584 | **469** | 5077 | 1400 | **3677** |
| 7 | KATIHAR | 7373 | 7357 | **16** | 5997 | 5997 | **0** | 981 | 195 | **786** |
| 8 | KHAGARIA | 17734 | 14643 | **3091** | 12831 | 7606 | **5225** | 2299 | 873 | **1426** |
| 9 | KISHANGANJ | 11933 | 11601 | **332** | 2047 | 1493 | **554** | 65 | 0 | **65** |
| 10 | LAKHISARAI | 8667 | 7588 | **1079** | 10127 | 10054 | **73** | 3542 | 1746 | **1796** |
| 11 | MADHEPURA | 13066 | 9954 | **3112** | 2763 | 1361 | **1402** | 163 | 54 | **109** |
| 12 | MUNGER | 25686 | 25686 | **0** | 16520 | 16520 | **0** | 55 | 34 | **21** |
| 13 | NALANDA | 81159 | 74597 | **6562** | 39757 | 36130 | **3627** | 929 | 187 | **742** |
| 14 | PURNIA | 5469 | 3975 | **1494** | 1715 | 1715 | **0** | 5 | 0 | **5** |
| 15 | SAHARSA | 15339 | 13597 | **1742** | 6887 | 6638 | **249** | 14 | 0 | **14** |
| 16 | SHEIKHPURA | 2065 | 959 | **1106** | 1978 | 1009 | **969** | 3682 | 1887 | **1795** |
| 17 | SHEOHAR | 4407 | 4312 | **95** | 1389 | 1316 | **73** | 439 | 122 | **317** |
| 18 | SITAMARHI | 34526 | 33593 | **933** | 7972 | 7158 | **814** | 898 | 187 | **711** |
| 19 | SUPAUL | 94631 | 78445 | **16186** | 50732 | 39763 | **10969** | 11183 | 1605 | **9578** |
| 20 | West CHAMPARAN | 15950 | 15950 | **0** | 7187 | 6986 | **201** | 273 | 106 | **167** |
| **Grand Total** | | **433736** | **392116** | **41620** | **211869** | **184052** | **27817** | **30676** | **7710** | **22966** |

उपरोक्त के आलोक में निम्नरूपेण समीक्षा की गयी :–

1. समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि जहानाबाद, वैशाली एवं पूर्णियाँ जिले में अब तक नव पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा योगदान नहीं दिया गया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार को सूचित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन :– स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

2. उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की प्रगति अपेक्षित नहीं है, जबकि विभाग/निदेशालय स्तर पर राज्य के सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को अपेक्षित सभी सुविधाएँ/सहयोग निरंतर प्रदत्त की जा रही है।

इस संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अपने–अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों के प्रत्येक प्रक्रमों का निरंतर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

3. समीक्षा के क्रम में सुपौल जिला में प्रपत्र–08 में 16186, प्रपत्र–14 में 10969 तथा प्रपत्र–21 में 9578 रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति निष्पादन हेतु लंबित पाये गये, जिसके संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि प्रपत्र–08 में कुल 94631 रैयतों द्वारा दावा/आपत्ति प्राप्त है, जिसमें अब तक कुल 78445 का निष्पादन कर दिया गया है।

उक्त के संबंध में निदेश दिया गया कि तीव्र गति से लंबित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल)**

4. शेखपुरा जिले के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–21 के पश्चात प्राप्त कुल 3682 में से अब तक 1795 रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति लंबित रहने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनका इस जिले में नव पदस्थापन हुआ है तथा माह–फरवरी, 2025 से बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त था। जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु उनके द्वारा संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को नियमानुसार समय–सीमा का निर्धारण कर संबंधितों को उक्त के अनुरूप कार्य निष्पादन का निदेश दिया गया है।

उक्त के संबंध में जिले में चले विशेष सर्वेक्षण कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा)**

5. नालंदा जिले के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–08 में 6562, प्रपत्र–14 में 3627 तथा प्रपत्र–21 के पश्चात मात्र 742 रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति लंबित रहने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस जिले में बन्दोबस्त पदाधिकारी के रूप में अभी पदस्थापित हुये है। माह–अप्रैल, 2026 में लगभग 700 प्राप्त दावा/आपत्तियों का निष्पादन किया गया है।

इस संबंध में उपस्थित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनके जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यों में हो रहे विलंब की पहचान कर उसका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शिविर स्तर पर विशेष सर्वेक्षण से संबंधित तैयार किये गये/तैयार हो रहे अभिलेखों का सतत् जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा)**

6. समीक्षा के क्रम में मधेपुरा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रपत्र–08 में 3112, प्रपत्र–14 में 1402 तथा प्रपत्र–21 के पश्चात मात्र 105 दावा/आपत्ति लंबित जाने पर पृच्छा करने पर उपस्थित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त सभी प्रक्रमों में प्राप्त कुल 15992 दावा/आपत्तियों में से 11369 का निष्पादन कर दिया गया है, शेष लंबित दावा/आपत्तियों को भी उपलब्ध विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो को अतिरिक्त कार्यबल लगाकर कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।

7. खगड़िया जिले के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–14 में अब तक 5225 रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति सुनवाई हेतु लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट प्रतिवेदन नहीं दिया गया ना ही इस संबंध में विगत 02 माहों में निष्पादित किये गये दावा/आपत्ति के संबंध में स्पष्ट आंकड़ा प्रस्तुत किया जा सका, जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण नहीं किया जाता रहा है।

इस संबंध में प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, खगड़िया से उपरोक्त के आलोक में कारण–पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन :– स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

साथ ही उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया को जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के लंबित कार्यों के निष्पादन हेतु प्रभारी पदाधिकारी को विशेष सर्वेक्षण शिविरों में 01 माह हेतु प्रतिनियुक्त कर लंबित कार्यों का निष्पादन कराने के निदेश दिया गया।

निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी प्रतिदिन उक्त कार्य का अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त कर समेकित रूप से माह के अंतिम दिवस अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी)**

8. समीक्षा के क्रम में बेगूसराय जिले में प्रपत्र–08 में 2142, प्रपत्र–14 में 222 तथा प्रपत्र–21 के पश्चात 1088 दावा / आपत्ति अब तक लंबित रहने के कारण के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिलान्तर्गत कुल 10 विशेष सर्वेक्षण शिविरों में से मात्र 04 शिविरों का रैयतों से प्राप्त दावा / आपत्ति लंबित है, जिसके आलोक में दोषी पदाधिकारी / कर्मी को चिन्हित कर मानदेय कटौती की कार्रवाई की गई है।

उक्त के संबंध में संबंधित को लंबित सुनवाई की शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय)**

9. समीक्षा के क्रम में अररिया जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रपत्र–08 में 1209, प्रपत्र–14 में 625 एवं प्रकाशन के पश्चात 1335 दावा / आपत्ति सुनवाई हेतु लंबित पाये जाने के संबंध में उपस्थित श्री दिनेश प्रसाद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम से संबंधित अंतिम प्रारूप प्रकाशित किये गये राजस्व ग्राम की तिथि, रैयतों से प्राप्त दावा / आपत्ति की अंतिम सुनवाई की तिथि, विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा विभागीय पोर्टल में दर्ज की जाने वाले अमीन डायरी तथा कार्यालय स्तर पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में पृच्छा करने पर स्थिति स्पष्ट नहीं किया जा सका, स्पष्ट है कि इनके द्वारा न तो जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों का अनुश्रवण किया जा रहा न ही इन्हें विशेष सर्वेक्षण संबंधी किये जाने वाले कार्यों की जानकारी है।

उक्त के संबंध में श्री प्रसाद, स0ब0प0 (मु0) बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया से कारण–पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन :– स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

10. अररिया एवं बांका जिले के समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि रैयतों से प्राप्त दावा / आपत्ति के सुनवाई के क्रम में संभवतः लगभग शत–प्रतिशत मामलों में संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीन से सत्यापन प्रतिवेदन की मांग की जा रही है, जबकि कई मामलों का निष्पादन (यथा नामांतरण आदि) उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर भी की जा सकती है। संबंधित रैयत यदि वाद के फलाफल से असंतुष्ट है तो विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अगले प्रक्रम में पुनः आपत्ति दायर कर सकता है। इस प्रकार की प्रवृत्ति से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के ससमय निष्पादन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। साथ ही इस संबंध में न तो जिला स्तर पर और ना ही निदेशालय स्तर पर समीक्षा हो रही है, जबकि आदेशफलक विभागीय पोर्टल पर भी अपलोड होता है।

उपरोक्त के संबंध में निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी अपने–अपने आवंटित जिलों में रैयतों से प्राप्त दावा / आपत्ति की सुनवाई का गहन समीक्षा कर विलंब हेतु दोषी पदाधिकारी / कर्मी को चिन्हित करते हुए अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेशालय को प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आगामी होने वाले समीक्षात्मक बैठक में समीक्षा हेतु इस बिन्दु को भी प्रस्तुतीकरण / एजेंडा में शामिल करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी / प्रभारी विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

11. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को निदेश दिया गया कि अपने–अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कर प्रत्येक विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरंतर समीक्षा कर विलंब के लिए दोषी पदाधिकारी/कर्मी को चिन्हित कर उनपर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Suharsh 13/05/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे–10/2022 (खण्ड)......1585...... **पटना, दिनांक**: 13/05/2026

**प्रतिलिपि** : सभी समाहर्त्ता/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 13/05/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे–10/2022 (खण्ड)......1585...... **पटना, दिनांक**: 13/05/2026

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Suharsh 13/05/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे–10/2022 (खण्ड)......1585...... **पटना, दिनांक**: 13/05/2026

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल/ प्रिंस कुमार/कुणाल किशोर, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना/ हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, Arhas, GISC, IIC के प्रतिनिधि को को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Suharsh 13/05/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे–10/2022 (खण्ड)......1585...... **पटना, दिनांक**: 13/05/2026

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suharsh 13/05/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे–10/2022 (खण्ड)......1585...... **पटना, दिनांक**: 13/05/2026

**प्रतिलिपि** : सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 13/05/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप